कस्टम ज्वेलरी उद्यमी के निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन

रावतभाटा, (निसं)। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिये जा रहें रावतभाटा में 13 दिवसीय कस्टम ज्वेलरी उद्यमी के निःशुल्क प्रशिक्षण का गुरूवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण गुर्जर बैंक ऑफ बड़ौदा, झालरबावडी रावतभाटा से थे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया एवं विभिन्न प्रेरणात्मक गतिविधियों की सहायता से अपना लक्ष्य प्राप्त करने के उद्धेश्य से भी अवगत कराया गया। एवं प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने एवं सरकारी बैंक से लोन लेने हेतु प्रेरित किया। ट्रेनर कामिनी कश्यप ने प्रतिभागियों को राखी बनाना, हार बनाना, जिसमें कडी वाला हार, चौकर, मोती वाला हार, रानी हार, चूडी बनाना जिसमें धागे वाली चुड़ी, डायमण्ड चूडी और कुन्दन चूडी इत्यादि सिखाया गया। एवं सम्बन्धित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। डी.पी. ऐसेसर बी.एल. सोनी एवं डोमेन एसेसर शिल्पा अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मुल्यांकन एवं प्रमाणन किया गया। संस्थान के फैकल्टी संतोष शर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बताया की बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार हेतु ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन, सिलाई, मोबाईल रिपेयरिंग, टैली, होममेड अगरबत्ती निर्माता, ज्वेलरी बनाना, डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट, बकरी पालन, मुर्गी पालन के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। संस्थान के फैकल्टी सन्तोष शर्मा ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया।

कोटा में डाईट के नए भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास हुआ

कोटा, (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि आने वाले वर्षों में प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की भर्ती होगी और प्रदेशवासियों को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की शिकायत नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 20000 नए शिक्षकों की नियुक्ति की है। जो नियुक्तियां अटकी हुई हैं उनमें बाधाओं को दूर कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने जनवरी के प्रथम सप्ताह में रीट के आयोजन की भी घोषणा की। दिलावर गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट कोटा के नवीन भवन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह के बाद संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने 50 नए प्राथमिक विद्यालय खोलने एवं 100 विद्यालयों को क्रमंगत करने की भी घोषणा की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक दिन में 60000 पात्र छात्राओं को टैबलेट दिए गए एवं विभिन्न पदों पर डीपीसी कर शिक्षकों को प्रमोशन दिए गए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही योग शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास करती रहेगी। उन्होंने कोटा में बनने वाले नवीन डाईट भवन को मॉडल डाइट बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि यहां एमएड एवं पीएचडी योग्यता धारी प्रशिक्षक ही लगाए लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डाईट के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक आदर्श शिक्षक बने राज्य सरकार का यही प्रयास है। उन्होंने बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ अच्छे संस्कार देने पर भी

कोटा में डाईट के नए भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास मंत्री मदन दिलावर के द्वारा किया गया।

जोर दिया और प्रशिक्षकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन एवं व्यवहार के माध्यम से आदर्श प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सहयोग से ऐसे विद्यार्थी तैयार किए जाएंगे जो देश के आदर्श नागरिक बने और जो देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए देश की प्रगति में सहभागी बनेंगे। उन्होंने इस बार का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहने पर सभी को बधाई दी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहली बार 3 करोड़ 50 लाख निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें 5 जुलाई तक ही स्कूलों में बच्चों के हाथ में पहुंच चुकी हैं। पहले यह पाठ्य पुस्तकें अक्टूबर के अंत और नवंबर की शुरुआत तक पहुंचती थी जिससे बच्चों को पढ़ाई में काफी नुकसान होता था शिक्षा दिलावर ने उपस्थित शिक्षकों एवं प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे राजस्थान को स्वच्छता में पहला स्थान प्राप्त करने में सहयोग कर करेंगे और पॉलिथीन का उपयोग बंद कर देंगे साथ ही अपने आसपास के वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखेंगे।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों का आव्हान किया कि वह बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करें। शिक्षा मंत्री ने कोटा में बंद रहे डायट भवन को मॉडल डायट भवन बताते हुए कहा कि प्रदेश में बंद रहे 6 डाइट भावनाओं में से यह सर्वश्रेष्ठ होगा एवं यहां प्रशिक्षण देने वाले भी सर्वश्रेष्ठ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने आशा व्यक्त की कि डाइट में जो शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वे समाज में जाकर शिक्षा का उजाला फैलाएंगे।

उन्होंने कहा कि अपने विधायक को से विकास कार्य करवाने में उन्होंने शिक्षा एवं चिकित्सा को सर्वाधिक प्राथमिकता दी है एवं 50 प्रतिशत विधायक कोष की राशि शिक्षा के लिए जारी की है। उन्होंने कोटा में मॉडल डाईट भवन के लिए शिक्षा मंत्री का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक तेज कंवर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के के शर्मा, डाइट कोटा की प्राचार्य पवित्रा त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारियों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अन्य अतिथियों का साफा

- आगामी वर्षों में डेढ़ लाख शिक्षकों की भर्ती होगी
- सौ विद्यालय क्रमोन्नत होंगे, पचास नए खुलेंगे : शिक्षा मंत्री

पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इससे पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक कल्पना देवी एवं अन्य अतिथियों ने नए डाइट भवन के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने शिलापट्टिका एवं नए डाइट भवन के मॉडल का भी अनावरण किया।

कार्यक्रम में कोटा के पूर्व महापौर महेश विजय, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, जन प्रतिनिधि राकेश जैन, शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश गुप्ता, कई शिक्षविद, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित थे। समारोह में कोटिल्य शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कोटा में डाईट भवन राजस्थान के सभी भवनों में से उत्कृष्ट और मॉडल भवन बनेगा। नया भवन 30000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेगा। यह दो मंजिला होगा एवं प्रथम चरण में 6करोड 20 लाख रूपए की लागत से अकादमिक एवं प्रशासनिक भवन, ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल एवं दो होस्टल बनेंगे। पूरे भवन के निर्माण पर विभिन्न चरणों में 16 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

उपखंड स्तरीय जनसुनवाई हुई

कोटा, (निसं)। खैराबाद में गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलक्टर डॉ.गोस्वामी ने प्रत्येक परिवादी की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित विभागों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2552 विज्ञप्ति दिनांक:-10.10.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी योजना "भारत विहार" खसरा नं. 31, 32, 33 में स्थित भूखंड संख्या 2 का पश्चिमी भाग के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री राजकुमार भारद्वाज पुत्र स्व. श्री दीनदयाल भारद्वाज निवासी-ए-42 गायत्री विहार बजरंग नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 12537 दिनांक 29.08.2012 को श्री दीनदयाल भारद्वाज पुत्र स्व. श्री गंगा प्रसाद भारद्वाज के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टाधारी की मृत्यु दिनांक 20.03.2023 को हो चुकी है। पट्टाधारी द्वारा अपने जीवनकाल में आलेखित वसीयत तथा अन्य वसीयत प्राप्तकर्ताओं की सहमति, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अत: श्री राजकुमार भारद्वाज पुत्र स्व. श्री दीनदयाल भारद्वाज के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1395 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-10.10.24

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की केशवपुरा-7 योजना के भूखंड/आवास संख्या 820 का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 06.12.1980 को श्री मदनलाल पुत्र श्री नाथूलाल को किया गया था। आवंटी श्री मदनलाल पुत्र श्री नाथूलाल की मृत्यु दिनांक 11.05.2002 को हो चुकी है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखंड/आवास की वसीयत श्री बद्रीलाल पुत्र श्री रामनारायण नागर के नाम निष्पादित कर रखी थी। वसीयत ग्रहिता श्री बद्रीलाल की भी मृत्यु दिनांक 26.05.2021 को हो चुकी है। वसीयत ग्रहिता के विधिक वारिसान श्रीमती सुशीला नागर पत्नी स्व. श्री बद्रीलाल नागर द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड हक त्याग पत्र, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 820 योजना केशवपुरा-7 का नाम हस्तान्तरण श्रीमती सुशीला नागर पत्नी स्व. श्री बद्रीलाल नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/1310 दिनांक:-10.10.24

नाम हस्तान्तरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड/आवास संख्या 2 द्वारा वीर सावरकर नगर आवासीय कम व्यावसायिक में श्री रामगोपाल पुत्र श्री लल्लूराम एवं श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री हरिशंकर को आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक/92/295 दिनांक 29.03.1992 को किया गया था। श्री रामगोपाल पुत्र श्री लल्लूराम एवं श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री हरिशंकर द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री कपिल राठौर पुत्र श्री श्रीनाथ राठौर द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.06.2014 को श्रीमती उषा वतवानी पत्नी श्री राकेश वतवानी को विक्रय कर दिया गया है। अत: क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास को अपने नामहस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड/आवास संख्या 2 योजना वीर सावरकर नगर आवासीय कम व्यावसायिक का नाम हस्तांतरण श्रीमती उषा वतवानी पत्नी श्री राकेश वतवानी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

बालिकाओं को पर्सनल हैल्थ व हाइजीन पर जागरुक किया

बूंदी (निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शहर के राजकीय बालिका महाविद्यालय में किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तन व परियोजना के तहत किये जा रहे विकास कार्यो से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

किशोरी बालिकाओं को संबोधित करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रेश मीना ने पर्सनल हेल्थ व हाइजीन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अच्छी सेहत का राज व्यक्तिगत स्वच्छता है यह कोई कोर्स नहीं बल्कि आदत है जिसे अपनी लाइफ में शामिल करना चाहिए साथ ही कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता रखने से कई प्रकार के खतरों से बचा जा सकता है। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों के बारे में विस्तार से चर्चा की व इस विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं की शंकाओ का समाधान किया।

कैप-आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने परियोजना के तहत बूँदी शहर में कराये जा रहे विकास कार्यो, इन सुविधाओं के बेतहर उपयोग एवं रख-रखाव के साथ ही जल सरंक्षण विषय पर बात करते हुए बताया कि जल हमें प्रकृति के द्वारा दिया गया है तो हमें इसका सम्मान करना चाहिए न कि इसका व्यर्थ में बर्बाद करना चाहिए। जल के बिना जीवन असंभव है। अगर आज हमने जल का संरक्षण नहीं किया तो आने वाली भावी पीढियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जायेंगी। इसके साथ ही शहर में चल रहे ड्रेनेज कार्यों की जानकारी दी तथा इसके फायदे बताते हुए कहा कि गंदगी से फैलने वाली बीमारियों में कमी आयेगी और शहर साफ-सुथरा, सुन्दर व स्वच्छ बनेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने कहा कि जो आज आपको व्यक्तिगत स्वच्छता व स्वास्थ्य स्वच्छता के बारे में डॉ. चंद्रेश मीना जी द्वारा जो जानकारी प्राप्त हुई है उसको दैनिक जीवन में उपयोग में लायें।

'जोड़ प्रत्यारोपण करवाने वाले लोग वॉक करके जागरुकता संदेश देंगे'

कोटा, (निसं)। कोचिंग सिटी कोटा चिकित्सा क्षेत्र में भी लगातार जागरूक आ रही है। बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए शहरवासियों को प्रेरित किया जा रहा है।

सामाजिक सरोकारों के क्रम में वर्ल्ड अर्थराइटिस-डे के उपलक्ष्य में शहर में एक बार फिर से अनूठा आयोजन होने जा रहा है। यहां वो बुजुर्ग वॉक करेंगे जिन्होंने जोड़ प्रत्यारोपण करवाए हैं। इसे सेकंड इनिंग वॉक नाम दिया गया है। इसके पोस्टर एवं किट का विमोचन बुधवार को किया गया।

इस अवसर पर कोटा के वरिष्ठ शिशु रोग चिकित्सक व जोड़ प्रत्यारोपण करवा चुके डॉ दीपेंद्र शर्मा ने भी अनुभव साझा किऐं। पहलकर्ता डॉ. विश्वास शर्मा ने बताया कि महावीर चैरिटेबल ट्रस्ट और अविश हेल्थ केयर के संयुक्त तत्वावधान में 13 अक्टूबर को सेकंड इनिंग वॉक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्री उम्मेद क्लब वैन्यू पार्टनर होगा। इस वॉक में घुटने

कोटा में होने वाली सेकंड इनिंग रन के पोस्टर का विमोचन किया।

जोड़ प्रत्यारोपण करवाने वाले लोग पूरे हाड़ौतीभर से शामिल होंगे। ये सभी 2 किलोमीटर चलेंगे। सेकंड इनिंग रन सुबह 6:00 बजे किशोर सागर तालाब की पाल से उम्मेद क्लब तक आयोजित की जाएगी। निःशुल्क रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं, इसके लिए 91 88290 76246 एवं 89558-51933 पर संपर्क किया जा सकता है।

ट्रस्ट के संरक्षक डॉ.विश्वास ने बताया कि शहरवासियों में आर्थराइटिस और इसके उपचार के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से यह वॉक आयोजित की जा रही है। जीवन की नई पारी शुरू करने वाले इन लोगों की इस दौड को सेकंड इनिंग रन का नाम दिया गया है। यह वॉक तालाब की पाल से शुरू हो कर उम्मेद क्लब तक पूरी होगी। यहां दौड में शामिल

- हाड़ौतीभर से जोड़ प्रत्यारोपण करवाने वाले लोग होंगे शामिल, चैक अप कैम्प भी लगेगा

होने वाले मरीज जीवन में आये बदलाव और जीवन की नई पारी के बारे में अनुभव भी साझा करेंगे।

इस वॉक में करीब 500 से अधिक मरीज और बड़ी संख्या में शहरवासियों के शामिल होने की संभावना है जो कि सिर्फ कोटा से ही नहीं वरन पूरे हाड़ौती से होंगे। इससे पूर्व 2018 में भी रन आयोजित की गई थी। निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी चेक-अप कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। इसमें अस्थि घनत्व, शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर निखिल जैन, हर्षित गौतम, डॉ राहुल शर्मा, राहुल सेठी भी मौजूद रहे।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3808 जाहिर आम सूचना दिनांक - 10.10.24

आवास संख्या 11/205 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री वी.पी. रमणन पुत्र स्व. श्री ए.जी.वी. सुब्रमण्यस को किया गया। श्री वी.पी. रमणन पुत्र स्व. श्री ए.जी.वी. सुब्रमण्यस के निवेदन पर उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 21.12.2001 को इनकी बहिन श्रीमती वी. राजेश्वरी पत्नी श्री वी. पद्मनामन के नाम किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती वी. राजेश्वरी पत्नी श्री वी. पद्मनामन द्वारा दिनांक 28.09.2007 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री वी. पद्मनामन द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 13.11.2007 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री राम प्रकाश पंचोली पुत्र श्री महावीर प्रसाद पंचोली को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री राम प्रकाश पंचोली पुत्र श्री महावीर प्रसाद पंचोली मुख्तार आम श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री वी. पद्मनामन द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.07.2024 को श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी को किया गया। श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 11/205 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3778 जाहिर आम सूचना दिनांक - 09.10.24

आवास संख्या 11/206 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री चन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री आनन्दी लाल जैन को किया गया। श्री चन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री आनन्दी लाल जैन की मृत्यु उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 31.08.2007 को इनकी पत्नी श्रीमती कुसुम जैन के नाम किया गया। इस आवास का का पंजीयन श्रीमती कुसुम जैन पत्नी स्व. श्री चन्द्र कुमार जैन द्वारा दिनांक 20.10.2007 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती कुसुम जैन पत्नी स्व. श्री चन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.10.2007 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री राम प्रकाश पंचोली पुत्र श्री महावीर प्रसाद पंचोली को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री राम प्रकाश पंचोली पुत्र श्री महावीर प्रसाद पंचोली मुख्तार आम श्रीमती कुसुम जैन पत्नी स्व. श्री चन्द्र कुमार जैन द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.07.2024 को श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी को किया गया। श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 11/206 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सोनी पुत्र श्री पुरन चंद सोनी के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

चमत्कारिक सिद्धपीठ श्री फलौदी माता मंदिर में हजारों श्रद्धालु उमड़े

कोटा, (निसं)। रामगंजमंडी के पास खैराबाद में अखिल भारतीय मेडतवाल (वैश्य) समाज की सिद्धपीठ मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। देश में यह इकलौता अष्टकोणीय देवी मंदिर विश्वभर में प्रसिद्ध है। मंदिर के गर्भगृह में सिंहासन पर श्रीफलौदी माताजी का अलौकिक स्वरूप विराजित है। इन दिनों मंदिर परिसर में रोजाना सभी वर्गो के 1200 से अधिक बच्चों के लिये कन्याभोज आयोजित हो रहा है। मंदिर श्रीफलौदी माताजी महाराज समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सेठ मोहनदास करोडिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री विष्णुप्रसाद करोडिया मंडावर ने बताया कि भारत में समाज का यह इकलौता प्राचीन मंदिर है। इस पौराणिक सिद्धपीठ में सामाजिक एकता, धार्मिक सद्भाव एवं मेलजोल की अनूठी मिसाल देखने को मिलती है। यहां सभी समुदायों के भक्त चमत्कारिक श्री फलौदी माताजी के दर्शन कर दिव्य अनुभूति महसूस करते हैं। गुरूवार को अष्टमी पर माताजी के विशेष दर्शन के लिये 14 राज्यों से सैकडों श्रद्धालु सपरिवार यहां पहुंचे। उन्होंने परिक्रमा लगाकर अपने बच्चों, परिवार, समाज एवं देश में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मन्नतें मागी। मान्यता है कि नवरात्र के रात्रिकाल में माताजी यहां स्वयं विचरण करती हैं। नवरात्र आयोजन समिति के प्रभारी दिलीप गुप्ता जुल्मी वाले एवं पुरूषोत्तम चौधरी ने बताया कि नवरात्र स्थापना से रामनवमी तक यहां समाजबंधुओं के सहयोग से करीब 15 हजार बच्चों के लिये कन्या भोज होता है। मान्यता है कि फलदायिनी मां फलौदी के श्रीचरणों के दर्शन करने का जिन्हें अवसर मिलता है, उनकी मनोकामनायें अवश्य पूरी होती है। तीर्थस्थल पर दान प्रतिग्रहण करने वाले को मां फलौदी अनंत गुना लौटाती है। नवरात्र में चुनरी महोत्सव में हजारों

कोटा जिले के खैराबाद स्थित श्री फलोदी माता का नवरात्रि पर मोहक श्रृंगार किया गया।

महिलायें मिलकर माताजी को चुनरी चढ़ाती हैं। बुजुर्गों ने बताया कि श्री फलौदी माताजी ने विराजित होते समय भक्तिभाव से प्रसन्न होकर बोला था कि मुझे यहां फलौदी रूप में ही जानना और मानना। तब से ही सम्पूर्ण मेड़तवाल वैश्य समाज में श्री फलौदी माताजी अर्थात् फल देने वाली महादेवी के प्राकट्य दिवस के रूप में प्रतिवर्ष बसंत पंचमी महोत्सव मनाने की परम्परा जारी है। मंदिर पुजारी पं.अशोक द्विवेदी ने बताया कि महादेवी श्रीफलौदी माताजी महाराज 'अनेक रूप रूपाय महालक्ष्में नमोस्तुते' के रूप में यहां विराजित हैं। दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी तीनों देवियों की शक्तियां मां फलौदी में अंतर्निहित हैं। मां फलौदी को दुर्गा की द्वितीय ब्रह्मचारिणी का रूप माना गया है। वे 6 ऐश्वर्य से सम्पन्न हैं, इसलिये उनके नाम के आगे 'श्री' लिखा जाता है। उनके एक ऊंचे हस्त में दुर्गा का वास है।

दूसरा हस्त नीचे वरद मुद्रा में हैं, जो लक्ष्मी स्वरूप है। गदा-पदम लक्ष्मी के पास होते हैं, इसलिये अनन्त फल देने वाली फलौदी माताजी को भी गदा पदम धारी माना गया है। श्रेष्ठ देवी स्वरूप होने से मां फलौदी को 'महाराज' कहकर पुकारा जाता है। दुर्गास्वरूप होने से प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व में 9 दिन तक यहां विशेष अनुष्ठान एवं कन्याभोज होता हैं एवं अष्टमी पर महापूजा होती है। मां फलौदी मंदिर के गर्भगृह में सन 1960 से अखंड ज्योति प्रज्जवलित है। 'दीपो मृत्यु विनाशन:' अर्थात् यह अखंड ज्योति भक्तों के मृत्यु तुल्य कष्टों को नष्ट कर देती है। मंदिर संयोजक मोहनलाल चौधरी ने बताया कि इस ऐतिहासिक स्थल पर देश के सभी राज्यों से विभिन्न जाति-वर्ग के श्रद्धालु वर्षपर्यंत दर्शन करने आते हैं। रोज सुबह-शाम मंदिर में मंगलाभोग, राजभोग सामूहिक संगीतमय आरती होती है। मंदिर के गर्भगृह में सोने, चांदी व कांच की सुन्दर व दैदीप्यमान कारीगरी व चित्रांकन दर्शनीय है। गुम्बदों पर अनूठी वास्तुकला है। मंदिर प्रांगण में एक प्राचीन जलकुंड (बावड़ी) है, जिसके जल से पाचन संबंधी रोग के साथ-साथ त्वचा रोग भी मुक्त होते हैं। पूर्व महामंत्री गोपालचंद्र गुप्ता बारवां वाले ने बताया कि मंदिर में प्राचीन शिलालेख के अनुसार, संवत् 1848 (सन 1792) में गढ़ गागरोन सरकार सूबा उज्जैन अमकाल महाराज, महाराव उम्मेदसिंह सदमानस राजमान जालिम सिंह झाला के अमल में समाज के 52 गौत्रों की ओर से माताजी मंदिर का पहला डोरा फेरा गया। समाज के बुजुर्गों ने 1792 में माह सुदी पंचमी के दिन मंदिर में कलश स्थापित किया अर्थात सरा रोपकर शिलालेख लगाया। बसंत पंचमी से ही श्रीफलौदी माताजी के द्वादशवर्षीय मेले की शुरूआत हुई। प्रत्येक 12 वर्ष में खैराबादधाम में पांचवे कुम्भ की तरह श्री फलौदी द्वादशवर्षीय मेला आयोजित होता है। इस विराट सामाजिक मेले में देश-विदेश से 1 लाख से अधिक श्रद्धालु 7 दिन अस्थायी टेंटों में संयुक्त परिवार के साथ रहते हैं।

स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़े के तहत कई कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता, मां भारतीय चैरिटेबल ट्रस्ट, लायंस क्लब कोटा टेक्नो सहित विभिन्न संगठनों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़े के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी के तहत सबसे युवाओं को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जिसके तहत कोटा शहर के कॉलेजों में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इसी श्रृंखला में मां भारती पीजी कॉलेज महावीर नगर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक युवाओं ने भाग लिया और अपने विचार मंच पर प्रस्तुत किए। माँ भारती पीजी कॉलेज की प्राचार्य और प्रतियोगिता संयोजक डॉ श्वेता सक्सेना के अनुसार प्रतियोगिता का विषय रक्तदान- स्वास्थ्य व मानवीय दृष्टिकोण रखा गया था।

युवाओं ने पूरी तैयारी के साथ रक्तदान की भ्रांतियां को दूर करने की बात कही वहीं रक्तदान करने के फायदे के बारे में भी बताया। छात्रों ने बताया कि रक्तदान करने से मोटापा कम होता है, रक्तदान करने से ब्लड सकुर्लेशन सही रहता है, बीपी नॉरमल रहता है, हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती हैं साथ ही त्वचा संबंधी रोग भी न्यूनतम होते हैं, ऐसी कई जानकारियां भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने दी।

खोया-पाया

मैं जिया जैन पुत्री श्री अविनाश कुमार जैन मेरी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की अंकतालिका जिसका रोल नं. 11213278 सत्र-2021 बस मे कहीं खो गयी है। जिसे भी मिले सम्पर्क करें मो. 9680469262

न्यायालय जिला न्यायाधीश, कोटा

D.No. 1101 / 01.10.24 CM 121/2024

दीपशिखा पत्नि सुमित सिंह चौहान पुत्री महावीर सिंह, जाति राजपूत, निवासी अजनावर, तहसील छीपाबडौद, जिला बारां ......प्रार्थिया

– बनाम –

(1) श्रीमति प्रेमलता पत्नि बलवीर सिंह, जाति राजपूत (2) बलवीर सिंह पुत्र मोहन सिंह, जाति राजपूत निवासीगण- रतनपुरा हाल मुकाम 75 ए श्री गोपाल विहार थेगडा रोड, कोटा (3) शाखा प्रबन्धक युनाईटेड इंश्योरेन्स कम्पन्न लि. मण्डल कार्यालय प्रथम 27 झालावाड़ रोड, कोटा (4) सर्व साधारण ......अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

–: आम सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिया दीपशिखा ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटा की न्यायालय में अपने पति सुमित सिंह चौहान की मृत्यु दिनांक 14.07.2023 को दुर्घटना में होने तथा वह उसके पति की एक मात्र उत्तराधिकारी होने से उसने अपने पति का उत्तराधिकारी घोषित करवाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को प्रार्थिया दीपशिखा को मृतक सुमित सिंह चौहान का उत्तराधिकारी घोषित किया जाने किसी प्रकार की कोई आपत्ति या एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन दिनांक 27.11.2024 को समय 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपने उज्रात पेश करे। अन्यथा प्रार्थिया के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा तथा बाद में किसी प्रकार की आपत्तियां मान्य नहीं होगी। अतः यह आम सूचना आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी की गई।

मोहर

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय
कोटा (राज.)

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1305 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-10.10.24

नगर विकास न्यास कोटा की विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाइल विस्तार योजना के भूखंड/आवास संख्या 101 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 13.12.2000 को मै. राष्ट्रीय बेट्री सर्विस प्रो. श्री खलील अहमद पुत्र श्री रमजानी खॉ को किया गया था। मै. राष्ट्रीय बेट्री सर्विस प्रो. श्री खलील अहमद पुत्र श्री रमजानी खॉ द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री राजेन्द्र कुमार गौतम पुत्र श्री राधेश्याम गौतम द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 10.07.23 को श्री गोपाल पुत्र श्री जीवनलाल गुर्जर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 101 योजना विश्वकर्मा नगर ऑटोमोबाइल विस्तार का नाम हस्तान्तरण श्री गोपाल पुत्र श्री जीवनलाल गुर्जर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3815 जाहिर आम सूचना दिनांक - 10.10.24

आवास संख्या 4-डी-25 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री नन्द सिंह को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन के नाम दिनांक 26.03.1997 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन द्वारा दिनांक 30.03.1997 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन की मृत्यु दिनांक 16.08.2024 को हो चुकी है। श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 16.08.2024 को इनके पुत्र श्री राज कमल ऐरन पुत्र श्री बृज मोहन ऐरन के पक्ष में आलेखित की गई। श्री राज कमल ऐरन पुत्र श्री बृज मोहन ऐरन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-डी-25 महावीर नगर तृतीय कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री राज कमल ऐरन पुत्र श्री बृज मोहन ऐरन के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री राज कमल ऐरन पुत्र श्री बृज मोहन ऐरन के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री राज कमल ऐरन पुत्र श्री बृज मोहन ऐरन के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3813 जाहिर आम सूचना दिनांक - 10.10.24

आवास संख्या 10/143 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन द्वारा दिनांक 16.07.2012 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन की मृत्यु दिनांक 16.08.2024 को हो चुकी है। श्री बृज मोहन ऐरन पुत्र श्री किशन लाल ऐरन द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 16.08.2024 को इनकी पत्नी श्रीमती रुकमणी देवी के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती रुकमणी देवी पत्नी स्व. श्री बृज मोहन ऐरन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 10/143 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती रुकमणी देवी पत्नी स्व. श्री बृज मोहन ऐरन के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रुकमणी देवी पत्नी स्व. श्री बृज मोहन ऐरन के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रुकमणी देवी पत्नी स्व. श्री बृज मोहन ऐरन के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3733 जाहिर आम सूचना दिनांक - 4.10.24

आवास संख्या 3-च-20 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री नन्द किशोर पुत्र श्री रामपाल को किया गया। श्री नन्द किशोर पुत्र श्री रामपाल की मृत्यु उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 14.09.2000 को श्रीमती पुष्पा बाई के नाम किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती पुष्पा बाई पत्नी स्व. श्री नन्द किशोर द्वारा दिनांक 08.10.2003 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती पुष्पा बाई पत्नी स्व. श्री नन्द किशोर की मृत्यु दिनांक 17.08.2022 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती शिमला सुमन पत्नी श्री जगदीश प्रसाद पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती विमला सुमन पत्नी श्री केसरी लाल स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती मन्जू सैनी पत्नी श्री प्रेम कुमार सैनी पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती कान्ति बाई पत्नी श्री चौथमल पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर एवं श्रीमती अंजू कुमारी सुमन पत्नी श्री छोटू लाल सुमन स्व. श्री नन्द किशोर द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-च-20 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती शिमला सुमन पत्नी श्री जगदीश प्रसाद पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती विमला सुमन पत्नी श्री केसरी लाल स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती मन्जू सैनी पत्नी श्री प्रेम कुमार सैनी पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती कान्ति बाई पत्नी श्री चौथमल पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर एवं श्रीमती अंजू कुमारी सुमन पत्नी श्री छोटू लाल सुमन स्व. श्री नन्द किशोर के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती शिमला सुमन पत्नी श्री जगदीश प्रसाद पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती विमला सुमन पत्नी श्री केसरी लाल स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती मन्जू सैनी पत्नी श्री प्रेम कुमार सैनी पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती कान्ति बाई पत्नी श्री चौथमल पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर एवं श्रीमती अंजू कुमारी सुमन पत्नी श्री छोटू लाल सुमन स्व. श्री नन्द किशोर के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती शिमला सुमन पत्नी श्री जगदीश प्रसाद पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती विमला सुमन पत्नी श्री केसरी लाल स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती मन्जू सैनी पत्नी श्री प्रेम कुमार सैनी पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर, श्रीमती कान्ति बाई पत्नी श्री चौथमल पुत्री स्व. श्री नन्द किशोर एवं श्रीमती अंजू कुमारी सुमन पत्नी श्री छोटू लाल सुमन स्व. श्री नन्द किशोर के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा